| | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | अपील सं० 187/2021 | |

पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलान्ट उपस्थित। वकील अपीलान्ट की बहस सुनी गई एवं मनन किया गया।

वकील अपीलान्ट द्वारा अपील के साथ प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दफा 5 मियाद अधिनियम का न्यायहित में स्वीकार किया जाता है।

मूल अपील की बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली व पत्रावली में उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया गया। रिकार्ड के अवलोकन से पाया गया कि पटवारी रिपोर्ट में भूमि ख०न० 236 कुल रकबा 24.78 है० किस्म गैर मु० जोहडी में से 0.05 है० पर पुख्ता मकान टीन शेड लगाकर अतिक्रमण किया जाना अंकित किया है। जबकि पटवारी हल्का द्वारा रिपोर्ट के पीछे जो नजरी नक्शा बनाया है उसमें अतिक्रमण कितने रकबे पर किया गया है अंकित नही है। ना ही चारो दिशाओ का माप अंकित किया है। वकील अपीलान्ट का यह कथन सही है कि विकास अधिकारी द्वारा पट्टा जारी किया गया है। जिसकी फोटो प्रति पत्रावली मे शामिल है। इससे यह स्पष्ट होता है कि तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा जारी पट्टो के सम्बन्ध में कोई जाच नही कि गई एवं ना ही पट्टे बाबत निर्णय में कोई अंकन किया गया है। इस प्रकार अपील अपीलान्ट स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट साबित होने से स्वीकार कि जाती है। तथा तहसीलदार श्रीमाधोपुर मु० न० 79/2020 उनवानी सरकार बनाम पप्पू, प्रहलाद में पारित आदेश दिनांक 22-1-2021 अपास्त किया जाता है। अपील अपीलान्ट तहसीलदार श्रीमाधोपुर को [illegible] के साथ रिमाण्ड की जाती है कि [illegible] दिशाओ का माप जोड [illegible] अपीलान्ट को सुनवाई का समुचित युक्त अवसर देते हुए

(... कुमार)
... कलक्टर
... मजिस्ट्रेट

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2024.02.02 11:32:24 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

| तारीख हुकम | हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज |
|---|---|
| | एवं पत्रावली में उपलब्ध समस्त रिकार्ड का गहनता से अवलोकन किया जाकर कृपया निर्णय पुनः पारित करे। निर्णय कि पालना हेतु एक निर्णय कि प्रति तहरीर के साथ तहसीलदार श्रीमाधोपुर को भेजी जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हों।<br><br>(अनिल कुमार)<br>अतिरिक्त जिला कलक्टर<br>एवं अति॰ जिला मजिस्ट्रेट<br>नीमकाथाना |

Signature Not Verified

Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2024.02.02 11:32:24 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner